भारत में ऊर्जा संसाधन **MCQ [50 Questions]**

ऐसे संसाधन जिनका उपयोग ऊर्जा उत्पन्न करने के लिये किया जाता हैं उसे ऊर्जा संसाधन कहते हैं।यह अर्थशास्त्र एक महत्वपूर्ण टॉपिक है जिससे पिछले दिनों परीक्षा में बहूत कुछ देखने को मिला है यहां
NCERT Based सभी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण MCQ बनाये गये हैं।

परम्परागत आधार पर इसे दो भागों में बांटा गया है जोकि निम्नलिखित हैं।
1-परम्परागत ऊर्जा श्रोत
2-गैर-परम्परागत ऊर्जा श्रोत

परम्परागत ऊर्जा श्रोत **(**संसाधन**)-**:

इसको अनवीनकरणीय ऊर्जा संसाधन कहते हैं क्योंकि इसकी उपलब्धता बहूत सीमित है और उसे बार-बार उपलब्ध नहीं किया जा सकता है।
जैसेकि - कोयला, गैस, प्राकृतिक गैस, परमाणु ऊर्जा, खनिज संसाधन तथा तेल आदि.

गैर-परम्परागत ऊर्जा श्रोत **:-**
इसे नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन भी कहते है जिसकी उपलब्धता असीमित है तथा इसको पुनः उपयोग में लाया जाता है जैसेकि -
सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जवारीय ऊर्जा, तरंगीय ऊर्जा, भू-तापीय ऊर्जा, बायो गैस तथा बायोमास आदि।

पवन ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में चीन दुनियां का सबसे बड़ा देश है यहां पवन ऊर्जा से विद्युत (बिजली) उत्पादन और स्थापित क्षमता दोनों में दुनियां में अग्रणी है।

कोयला **:-** यदि दुनियां के अलग अलग देशों की बात करें तो भारत में कोयले का भंडारण की स्थित विश्व में पांचवे स्थान पर है।

विकास क्रम के आधार पर कोयले को **4** भागों में बांटा **(**वर्गीकृत**)** गया है।
1- एंथ्रेसाइट
2- लिग्नाइट
3- बिटुमिनस
4- पीट

भारत में ऊर्जा संसाधन की महत्वपूर्ण जानकरी **:-**

भारत का प्रथम पनबिजली संयंत्र पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 1897 में बना था जिसकी क्षमता 130 किलोवाट थी जोकि एशिया का भी पहला पनबिजली संयंत्र था।

इंद्रावती जलविद्युत परियोजना,ओड़िशा और छतीसगढ़ दोनों राज्यों में फैली हुई है। यह भारत देश की प्रमुख बहुउद्देशीय परियोजनाओं में से एक है।

बगलिहार जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन पर पाकिस्तान को आपत्ति है इस देश का कहना है कि भारत पुरानी सिंधु संधि का उल्लंघन करके इस परियोजना की शुरुआत की थी।

दुनियां के देशों की तुलना करें तो पवन ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भारत दुनियां के चौथे स्थान पर है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस क्षेत्र में बहूत तरक्की की है.

भारत तापीय- विद्युत का सर्वाधिक उत्पादन होता है जिसमें कोयला आधारित तापीय विद्युत की तुलना में जल-विद्युत और पवन-विद्युत बहूत नीचे है।

परमाणु शक्ति के मामले में भारत दुनियां का छठा सबसे ताकतवर देश है जिसके पास 172 परमाणु हथियार हैं।

भारत में परमाणु ऊर्जा **:-**

इसकी शुरुआत मार्च, 1944 से हुई थी, इसी दौरान होमी जहांगीर भाभा ने परमाणु केंद्र, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फंडामेन्टल रिसर्च की स्थापना के बाद इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान, ट्राम्बे (AEET) की स्थापना जनवरी, 1954 में हुई थी। इसके बाद इसका नाम बदलकर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र कर दिया गया था।

**1-** भारत का प्रथम हाईड्रल पॉवर कौन सा है**?**

A. केरल स्थित पैलीवासल
B. आंध्रप्रदेश स्थित निज़ामनगरम
C. दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल
D. कर्नाटक स्थित शिवामुद्रम

**2-** इंद्रावती जलविद्युत परियोजना किस राज्य की प्रमुख बहुउद्देशीय परियोजना है**?**

A. महाराष्ट्र
B. गुजरात
C. ओड़िशा
D. उत्तर प्रदेश

**3-**बगलिहार जलविद्युत के कार्यान्वयन किस देश को आपत्ति है**?**

A. नेपाल
B. भूटान
C. पाकिस्तान
D. श्रीलंका

**4-**पवन ऊर्जा के उत्पादन में भारत का विश्व में कौन सा स्थान है**?**

A. पहला
B. चौथा
C. छठा
D. तीसरा

**5-**पवन ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश कौन सा है**?**
A. जर्मनी
B. जापान
C. चीन
D. स्पेन

**6-** निम्नलिखित में कौन सा श्रोत ऊर्जा का व्यवसाहिक श्रोत नहीं है**?**

A. पेट्रोलियम
B. परमाणु ऊर्जा
C. प्राकृतिक गैस
D. बायो गैस

**7-** भारत में किस प्रकार के विद्युत का सर्वाधिक उत्पादन होता है**?**

A. जल -विद्युत
B. ताप-विद्युत
C. परमाणु -विद्युत
D. पवन -विद्युत

**8-**परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र में भारत का विश्व में कौन सा स्थान है**?**

A. पांचवा
B. छठा
C. सातवां
D. आठवां

**9-** भारत में परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का प्रारम्भ कब हुआ था?

A. 1947 ई.
B. 1944 ई.
C. 1945 ई.
D. 1951 ई.

**10-** परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान (वर्तमान भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र) का गठन कब हुआ था**?**

A. 1948 ई.
B. 1954 ई.
C. 1957 ई.
D. 1961 ई.

भारत में कोयला का कितने प्रतिशत उत्पादन होता है**?**

भंडारण की दृस्टि से भारत का स्थान पांचवां (5वां) है। और विद्युत उत्पादन में कोयले का योगदान 54% है।

परम्परागत ऊर्जा श्रोत कौन कौन से हैं**?**

कोयला, गैस, प्राकृतिक गैस, परमाणु ऊर्जा, खनिज संसाधन तथा तेल आदि। ऐसे ऊर्जा श्रोत जो पर्याप्त मात्रा में हैं।

गैर**-**परम्परागत ऊर्जा श्रोत कौन **-**कौन से हैं?

सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जवारीय ऊर्जा, तरंगीय ऊर्जा, भू-तापीय ऊर्जा, बायो गैस तथा बायोमास आदि।

हाईड्रल पॉवर को किस और नाम से जाना जाता है**?**
पनबिजली संयंत्र के नाम से भी जाना जाता है।

Answer :-1 C, 2C, 3C,4B, 5C, 6D, 7B, 8B, 9B, 10B